संख्या-41/2025/202/2025/27-2002-9-2025-2

प्रेषक,

आलोक कुमार द्विवेदी
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष,
सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

सिंचाई एवं जल संसाधन अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक 10 मार्च, 2025

विषय- वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य पोषित मदों के अन्तर्गत 16 अदद नई परियोजनाओं की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियन्ता, अनुसंधान एवं नियोजन (बाढ़), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या-143/काप्रअ/अनिबामं/यू-10/बी-1प्र0, दिनांक 07-02-2025 एवं अधीक्षण अभियन्ता, कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, अनुसंधान एवं नियोजन (बाढ़) मण्डल, सिंचाई भवन एनेक्सी, लखनऊ के पत्र संख्या-162/काप्रअ/अनिबामं/यू-10/बी-1प्र0, दिनांक 13-02-2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपरिसंदर्भित पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के आधार पर निम्नलिखित विवरण की 16 अदद् नई परियोजनाओं की कुल लागत रू0 74,25,14,000.00 (रू0 चौहत्तर करोड़ पचीस लाख चौदह हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने की तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक के अनुदान सं0-94 के लेखाशीर्षक-4711-बाढ़ नियन्त्रण परियोजनाओं के अन्तर्गत निम्न तालिका-अ में अंकित लेखाशीर्षक में उपलब्ध बजट व्यवस्था एकमुश्त (नई) रू0 2500.00 लाख में से तालिका-ब में अंकित 16 अदद नई परियोजनाओं के सम्मुख कालम संख्या- 8 में अंकित धनराशि प्रथम किश्त के रूप में कुल रू0 20,41,65,000.00 (रू0 बीस करोड़ इक्तालीस लाख पैंसठ हजार मात्र) की धनराशि अवमुक्त करते हुये प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ के निवर्तन पर निम्नलिखित शर्तो के अधीन रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

तालिका-अ

(धनराशि लाख रू0 में)

क्र0 सं0	लेखाशीर्षक	वित्तीय वर्ष 2024-25 में बजट प्राविधान एकमुश्त (नई)	व्यय/ प्रस्तावित	वित्तीय वर्ष 2024-25 में अवशेष बजट प्राविधान (3-4)
1	2	3	4	5
1	94-4711-01-103-08-41-24 तटबधों पर सड़क निर्माण एवं मरम्मत की परियोजना व अन्य	2500.00	0.00	2500.00
	योग -	2500.00	0.00	2500.00

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत :इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

तालिका-ब

(धनराशि लाख रू0 में)

क्र0 सं0	खण्ड का नाम	मण्डल का नाम	संगठन का नाम	परियोजना का नाम	परियोजना की लागत	स्थाई संचालन समिति का संदर्भ	स्वीकृत धनराशि (एकमुश्त नई से)
1	2	3	4	5	6	7	8
94-4711-01-103-08-41-24 तटबधों पर सड़क निर्माण एवं मरम्मत की परियोजना व अन्य							
1	बाढ़ खण्ड, गोरखपुर	गण्डक बाढ़ मण्डल, गोरखपुर	गण्डक	जनपद गोरखपुर में राप्ती नदी के बायें तट पर स्थित मलौनी तटबंध के किमी0 5.500 से किमी0 6.190 के मध्य सिन्दुली-बिन्दुली गाँव के निकट टो-वाल के साथ स्टोन पिचिंग के कार्य की परियोजना।	232.07	59वीं बैठकदिनांकः 07.01.2025 के क्रम सं0-93	76.00
2	बाढ़ कार्य खण्ड, देवरिया	गण्डक बाढ़ मण्डल, गोरखपुर	गण्डक	जनपद देवरिया में नवलपुर अमौना तटबंध के किमी 2.500 एवं जिरासा बड़का गाव तटबंध के किमी0 2.300 पर रेगुलेटर निर्माण कार्य की परियोजना।	190.40	59वीं बैठक दिनांकः 07.01.2025 के क्रम सं0-119	67.00
3	बाढ़ कार्य खण्ड, देवरिया	गण्डक बाढ़ मण्डल, गोरखपुर	गण्डक	जनपद देवरिया में रूद्रपुर तहसील के अन्तर्गत राप्ती नदी के बाये तट पर निर्मित नगवां छपरा तटबन्ध के किमी0 0.000 से 15.150 के मध्य विभिन्न चैनेजो पर 9.150 किमी0 लम्बाई में तटबन्ध के सुदृढ़ीकरण मे मिट्टी एवं 7.000 किमी0 लम्बाई में ब्रिक सोलिग के कार्य की परियोजना	684.65	59वीं बैठक दिनांकः 07.01.2025 के क्रम सं0-120	240.00
4	बाढ़ खण्ड, आजमगढ़	ड्रेनेज मण्डल, बलिया	गण्डक	जनपद मऊ में सरयू नदी के दांये तट पर स्थित चिऊँटीडाड रिंग तटबन्ध के किमी0 0.000 से किमी0 2.500 के मध्य ब्रिक सोलिंग कार्य की परियोजना।	74.60	59वीं बैठक दिनांकः 07.01.2025 के क्रम सं0-149	38.00
5	सिंचाई खण्ड, मऊ	ड्रेनेज मण्डल, बलिया	गण्डक	जनपद-मऊ में सरयू नदी के दांये तट पर स्थित हाहा नाला रिंग बांध के किमी0 0.000 से 4.000 तक ब्रिक सोलिंग तथा किमी0 1.000 से 1.800 तक स्लोप पिचिंग कार्य की परियोजना।	360.60	59वीं बैठक दिनांकः 07.01.2025 के क्रम सं0-152	180.00
6	सिंचाई खण्ड-2, महराजगंज	गण्डक सिंचाई कार्य मण्डल-2, गोरखपुर	गण्डक	जनपद महराजगंज में रोहिन नदी के बायें तट पर निर्मित अनन्तपुर बड़हरा तटबन्ध के किमी0 4.500 से 7.150, डोमरा रिंग तटबन्ध के किमी0 0.240 से 3.700, जर्दी डोमरा तटबन्ध के किमी0 1.000 से 1.250, किमी0 2.900 से 3.600, किमी0 6.200 से 8.200 एवं किमी0 11.600 से 15.100 के मध्य ब्रिक सोलिंग लगाने के कार्य की परियोजना।	558.16	59वीं बैठक दिनांकः 07.01.2025 के क्रम सं0-158	184.00
7	सिंचाई खण्ड-2, महराजगंज	गण्डक सिंचाई कार्य मण्डल-2, गोरखपुर	गण्डक	जनपद महरागंज में रोहिन नदी के दायें तट पर स्थित झावाकोट तटबन्ध के किमी0 0.000 के अपस्ट्रीम में 280 मी0 की लम्बाई में कटाव निरोधक कार्य , किमी0 0.750 से किमी0 4.100 के मध्य सेक्शन सुधार एवं किमी0 0.000 से किमी0 2.050 के मध्य ब्रिक सोलिंग के कार्य की परियोजना।	391.82	59वीं बैठकदिनांकः 07.01.2025 के क्रम सं0-163	129.00

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत :इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

क्र0 सं0	खण्ड का नाम	मण्डल का नाम	संगठन का नाम	परियोजना का नाम	परियोजना की लागत	स्थाई संचालन समिति का संदर्भ	स्वीकृत धनराशि (एकमुश्त नई से)
1	2	3	4	5	6	7	8
8	सिंचाई खण्ड-2, महराजगंज	गण्डक सिंचाई कार्य मण्डल-2, गोरखपुर	गण्डक	जनपद महराजगंज में रोहिन नदी के दायें तट पर स्थित अराजी सुबाईन सुबेदारपुर दायां तटबंध की पूर्ण लम्बाई में तथा बायें तट स्थित अराजी सुबाईन सुबेदारपुर बायां तटबंध, रासी नदी के बायें तट पर स्थित बेलसर रिगौली तटबन्ध, परगापुर ताल के दायें तट पर स्थित बन्देइया तटबन्ध की अवशेष लम्बाई एवं पुरानी घोघी नदी के बायें तट पर स्थित लेहडा तटबंध के 3.831 किमी0 लम्बाई में ब्रिक सोलिंग कार्य की परियोजना।	594.49	59वीं बैठक दिनांकः 07.01.2025 के क्रम सं0-167	196.00
9	बाढ़ खण्ड-2, गोरखपुर	गण्डक सिंचाई कार्य मण्डल-2, गोरखपुर	गण्डक	जनपद गोरखपुर में रासी नदी के दायें तट पर स्थित असवनपार गहिराघाट तटबंध के किमी0 2.100 से किमी0 2.600 तक, बैरिया ददरी सेमरा तटबंध के किमी0 2.200 से किमी0 2.700 तक एवं किमी0 3.700 से किमी0 6.500 तक खड़ंजा के कार्य की परियोजना।	202.04	59वीं बैठक दिनांकः 07.01.2025 के क्रम सं0-173	67.00
10	बाढ़ खण्ड, गोरखपुर	गण्डक बाढ़ मण्डल, गोरखपुर	गण्डक	जनपद गोरखपुर में गुर्रा नदी के बायें तट पर स्थित राजधानी सिलहटा तटबंध के किमी0 0.000 से किमी0 5.000 तक ब्रिक सोलिंग के कार्य की परियोजना।	128.26	59वीं बैठक दिनांकः 07.01.2025 के क्रम सं0-95	42.00
11	ड्रेनेज खण्ड, शामली (मुजफ्फरनगर)	ड्रेनेज मण्डल, गाजियाबाद	यमुना	जनपद शामली में यमुना नदी के बांये किनारे पर स्थित यमुना मार्जिनल तटबन्ध के कि0मी0 0.00 से कि0मी0 3.160 एवं कि0मी0 5.620 से कि0मी0 12.065 (शामली करनाल हाईवे) तक निर्मित रोड के जीर्णोद्वार की परियोजना।	318.47	59वीं बैठक दिनांकः 07.01.2025 के क्रम सं0-33	100.00
12	अलीगढ़ खण्ड गंगा नहर, अलीगढ़	ड्रेनेज मण्डल, अलीगढ़	गंगा	अलीगढ़ खण्ड गंगा नहर, अलीगढ़ के अन्तर्गत करबन ड्रेन के किमी0 5.000, 16.200, 21.200, 29.750 एवं अलीगढ़ ड्रेन के किमी0 9.600, 26.500, 38.030, 44.900, 96.250 पर पुलों के पुनः निर्माण कार्य की परियोजना।	958.50	59वीं बैठक दिनांकः 07.01.2025 के क्रम सं0-226	50.00
13	अलीगढ़ खण्ड गंगा नहर, अलीगढ़	ड्रेनेज मण्डल, अलीगढ़	गंगा	अलीगढ़ खण्ड गंगा नहर, अलीगढ़ के अन्तर्गत अनूपशहर शाखा प्रणाली के अन्तर्गत जनपद बुलन्दशहर में मखैना ड्रेन, दोगवां ड्रेन, बेलोन ड्रेन, जनपद अलीगढ़ में दादों ड्रेन, भमोरी ड्रेन, बैजना ड्रेन, झाबर ड्रेन, राजमऊ ड्रेन एवं जनपद कासगंज में किनावा ड्रेन, इनायती ड्रेन, नगला सुम्मा ड्रेन व कुढार ड्रेन पर स्थित क्षतिग्रस्त पुलों के पुननिर्माण की परियोजना।	777.08	59वीं बैठक दिनांकः 07.01.2025 के क्रम सं0-227	200.00

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत :इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

क्र0 सं0	खण्ड का नाम	मण्डल का नाम	संगठन का नाम	परियोजना का नाम	परियोजना की लागत	स्थाई संचालन समिति का संदर्भ	स्वीकृत धनराशि (एकमुश्त नई से)
1	2	3	4	5	6	7	8
14	उपरी माट शाखा खण्ड गंगा नहर, खुर्जा (बुलन्दशहर)	सिंचाई कार्य मण्डल, मथुरा	गंगा	पथवाया नाले की विभिन्न चैनेजो पर 14 नग पुलों के निर्माण की परियोजना।	798.07	59वीं बैठक दिनांकः 07.01.2025 के क्रम सं0-228	150.00
15	उपरी माट शाखा खण्ड गंगा नहर, खुर्जा (बुलन्दशहर)	सिंचाई कार्य मण्डल, मथुरा	गंगा	परौरी नाले के किमी0 0.000 से 23.400 के मध्य 16 नग पुल एवं 2 नग एक्वाडक्ट के पुर्ननिर्माण की परियोजना।	787.97	59वीं बैठक दिनांकः 07.01.2025 के क्रम सं0-229	200.00
16	सिंचाई खण्ड-2, प्रतापगढ़	ड्रेनेज मण्डल योजना नगर, लखनऊ	वाह्य सहाय तित	जनपद-रायबरेली में क्षोभ नाला-2 के किमी० 5.540, 13.000, 20.800, सिद्धौर ड्रेन के किमी० 1,000 एवं क्षोभ नाला-1 के किमी० 13.700 पर क्षतिग्रस्त पुलों के पुर्ननिर्माण की सशोधित परियोजना।	367.96	59वीं बैठक दिनांकः 07.01.2025 के क्रम सं0-280	122.65
				योग 08-41	7425.14		2041.65

(बीस करोड़ इक्तालीस लाख पैंसठ हजार मात्र)

नियम व शर्तें/ प्रतिबन्धों

3- उक्त धनराशि का व्यय करने में निम्नांकित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएः-

(1) अधिष्ठान व्यय की धनराशि समय-समय पर स्वीकृत/आवंटित की जा रही धनराशि के सापेक्ष ही जमा की जाएगी। अधिष्ठान व्यय वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के शासनादेश सं0-ए-2-23/दस-2011-17(4)/75, दिनांक 25.01.2011 के साथ पठित शासनादेश सं0-ए-2-1606/दस-2014-17(4)/75, दिनांक 11.11.2014 द्वारा जारी विस्तृत दिशा निर्देशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

(2) 01 प्रतिशत लेबर सेस की धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि श्रम विभाग को उक्त धनराशि का भुगतान किया जाए।

(3) प्रश्नगत कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व परियोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी तथा स्वीकृत धनराशि का उपयोग केवल स्वीकृत कार्य पर ही किया जाएगा अन्यथा की स्थिति में किसी प्रकार की अनियमितता के लिए इसका समस्त उत्तरदायित्व प्रमुख अभियन्ता, सिंचाई/सम्बन्धित अधिकारियों का होगा।

(4) यह स्पष्ट किया जाता है कि धनराशियों का प्रदेशन (एलाटमेन्ट) किसी प्रकार के व्यय करने का प्राधिकार नहीं देता है। व्यय करने के पूर्व जिन मामलों में उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल और फाइनेंशियल हैण्ड बुक के नियमों तथा अन्य स्थाई आदेशों के अन्तर्गत राज्य सरकार अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति की आवश्यकता हो, उनमें व्यय करने से पहले ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाए। व्यय करने से पूर्व कार्य के विस्तृत आगणनों पर सक्षम प्राधिकारी की तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाए।

(5) यह भी सुनिश्चित किया जाय कि जिन परियोजनाओं की स्वीकृति शासन स्तर से अपेक्षित है उनकी स्वीकृति प्राप्त करने हेतु शासन के सम्बन्धित अनुभाग को प्रस्ताव उपलब्ध कराए। इन परियोजनाओं पर किसी अन्य मद से यदि धनराशि प्राप्त हुई हो तो उसका समायोजन कर लिया जाएगा तथा स्वीकृत की गई धनराशि का व्यय अनुमोदित मदों पर ही किया जाएगा।

(6) निर्माण कार्यो पर व्यय करने के पूर्व आगणनों/पुनरीक्षित आगणनों पर प्रशासनिक एवं वित्तीय अनुमोदन प्राप्त कर लिया जायेगा तथा अवमुक्त धनराशि का व्यय सम्बन्धित परियोजना की अनुमोदित लागत तक ही सीमित रखा जायेगा, अनुमोदित लागत के ऊपर धनराशि का व्यय करने से पूर्व शासन की अनुमति अनिवार्यतः प्राप्त की जाएगी।

http://shasanadesh

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत :इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

(7) अनुदान के अन्तर्गत बजट में प्राविधानित धनराशि का आवंटन एवं आवंटित/वितरित धनराशि के समकक्ष किये गये व्यय पर नियंत्रण के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या-बी-1-1195/दस-16/94, दिनांक 06 जून, 1994 द्वारा निर्गत निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

(8) वित्त विभाग के सी0सी0एल0 संबंधी आदेशों को संज्ञान में लेते हुए अवमुक्त धनराशि के व्यय का माहवार कार्यक्रम निर्धारित कर लिया जाए, जिसमें यथा सम्भव समानुपातिक आधार पर व्यय की व्यवस्था हो। तद्नुसार व्यय सुनिश्चित करने के लिये प्रभावी अनुश्रवण किया जाए। परियोजनाओं की लागत में टाईम ओवर रन/कास्टओवर रन विषयक समयय-समय पर निर्गत शासनादेशों में दिए गए निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

(9) बी0एम0 प्रपत्र-8 पर नियमित रूप से व्यय विवरण की सूचना शासन में वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8 व सिंचाई अनुभाग-2 को प्रतिमाह उपलब्ध कराई जाए।

(10) उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल के पैरा-88 के अनुसार नियंत्रक अधिकारी/विभागाध्यक्ष इस बात को सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी होंगे कि व्यय को कड़ाई के साथ प्राधिकृत विनियोग के भीतर रखा जाए। इसलिए नियंत्रक अधिकारी तथा विभागाध्यक्ष के स्तर पर भी वित्तीय स्वीकृतियों के समक्ष व्यय के अनुश्रवण की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और यदि किसी विनियोग की प्राथमिक इकाई के अधीन आनुपातिक आधार पर व्यय में किसी बड़े अन्तर होने की सम्भावना मालूम पड़े, तो उसे तत्काल शासन/वित्त विभाग के संज्ञान में लाया जाए।

(11) शासकीय व्यय में मितव्ययता नितान्त आवश्यक है। अतः व्यय करते समय मितव्ययता के सम्बन्ध में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर निर्गत शासनादेशों का कड़ाई से पालन किया जाए।

(12) उक्त धनराशि को कोषागार से एकमुश्त न आहरित कर फेजिंग के अनुसार समानुपातिक किश्तों में आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय किया जाएगा तथा आहरित धनराशि बैंक/डाकघर/डिपाजिट खाते में न रखी जाए।

(13) उक्त धनराशि का व्यय, वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के शासनादेश दिनांक 25.01.2011 तथा श्रम अनु0-2 के शासनादेश सं0-1666/36-2-2010, दि0 05.12.2010 में उल्लिखित दिशा निर्देशों एवं शर्तो के अन्तर्गत सेन्टेज/अधिष्ठान व्यय को आगणन में सम्मिलित करते हुए इस धनराशि को जोड़कर संबंधित लेखाशीर्षकों में जमा कराया जाना सुनिश्चित किया जाएगा तथा बजट मैनुअल में वर्णित प्राविधानों के अन्तर्गत व्यय का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाएगा।

(14) कार्य की विशिष्टियाँ मानक/गुणवत्ता तथा मात्राओं का निर्माण के समय सुनिश्चित किये जाने का पूर्ण उत्तरदायित्व/जिम्मेदारी प्रमुख अभियन्ता, सिंचाई तथा सम्बन्धित अधिकारियों की होगी। प्रस्तावित कार्यों की द्विरावृत्ति (डुप्लिकेसी) रोकने के दृष्टि से प्रायोजना की स्वीकृति से पूर्व प्रमुख अभियन्ता द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत न तो स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम में आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रायोजना का निर्माण कार्य समय से पूरा हो।

(15) प्रश्नगत कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व वित्तीय हस्तपुस्तिका, खण्ड-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रयोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाएगी तथा सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् ही कार्य प्रारम्भ किया जाएगा।

(16) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिकाओं के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जाएगा।

(17) प्रश्नगत धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही है उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में किया जाएगा।

(18) यह भी सुनिश्चित किया जाए कि स्वीकृत किए जा रहे इस कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गई है तथा न ही कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित है।

(19) प्रमुख अभियन्ता सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता को धनराशि आवंटित करेंगे। किसी भी दशा में अधीक्षण अभियन्ता/अधिशासी अभियन्ता को प्रमुख अभियन्ता द्वारा धनराशि आवंटित नहीं की जाएगी।

(20) प्रमुख अभियन्ता आवंटित धनराशि की सूचना 10 दिन के भीतर शासन को उपलब्ध कराएंगे।

(21) प्रमुख अभियन्ता द्वारा नियमानुसार समस्त आवश्यक वैधानिक अनापत्तियां एवं पर्यावरणीय क्लीयरेंश सक्षम स्तर से प्राप्त करके ही निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा।

(22) प्रमुख अभियन्ता द्वारा भविष्य में यह सुनिश्चित किया जायेगा कि भूमि अध्याप्ति हेतु अनुमोदित लागत से अधिक धनराशि अवमुक्त नहीं की जायेगी।

(23) इस संबंध में वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/ 2024, दिनांक 04 मार्च, 2024 द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत :इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

(24) प्रमुख अभियन्ता एवं सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का यह दायित्व होगा कि वह सेन्टेज चार्जेज (प्रतिशत प्रभार), निर्माण लागत तथा वित्तीय स्वीकृति से सम्बन्धित वित्तीय प्रबन्धन के सम्बन्ध में वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-01/2023/ए-2-60/दस-2023-17(4)/75 दिनांक 17.05.2023 तथा शासनादेश संख्या-02/2023/ए-2-66/दस-2023-17(4)/75 दिनांक 19.05.2023 में निहित दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

(25) प्रमुख अभियन्ता एवं सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का यह दायित्व होगा कि वह परियोजना का बार चार्ट तथा पाई चार्ट तैयार कराएंगे तथा व्यय की जाने वाली धनराशि का माहवार चार्ट बनाकर विवरण सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता द्वारा शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।

(26) परियोजनाओं के संबंध में 59वीं स्थाई संचालन समिति की बैठक दिनांक 07-01-2025 के कार्यवृत्त में दिये गये समस्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किये जाने का उत्तरदायित्व प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष तथा प्रमुख अभियन्ता (परि0एवं नियो0), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग,उ0प्र0, लखनऊ का होगा।

4- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक के अनुदान सं0-94 के लेखाशीर्षक-4711-बाढ़ नियन्त्रण परियोजनाओं पर पूँजीगत परिव्यय-01-बाढ़ नियन्त्रण-103-सिविल निर्माण कार्य-08-तटबन्धों का निर्माण- 0841-तटबन्धों पर सड़क निर्माण एवं मरम्मत की परियोजना व अन्य (रा0से0)-24- वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जाएगा ।

5- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 20,41,65,000.00 (रुपये बीस करोड़ इक्तालीस लाख पैंसठ हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2024- 2025 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 094 लेखा शीर्षक 4711011030841 सड़क निर्माण एवं मरम्मत की परियोजना व अन्य (राज्य सेक्टर) मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

6- यह आदेश कंप्यूटर द्वारा उत्पन्न संख्या- E-8-843-X-2024-25- दिनांक: 07-03-2025 मे प्राप्त वित्त विभाग की सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,
आलोक कुमार द्विवेदी
उप सचिव।

संख्या एवं दिनांक यथोक्त् ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

(1) महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
(2) महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
(3) प्रमुख अभियन्ता (परि0 एवं नियो0),सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0,लखनऊ।
(4) सम्बन्धित जिलाधिकारी।
(5) निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0, प्रयागराज।
(6) नोडल अधिकारी, बजट एलॉटमेन्ट सिस्टम, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 शासन।
(7) मुख्य अभियंता, अनु0 एवं नियो0(बाढ़), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0,लखनऊ।
(8) मुख्य अभियंता (बजट), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0,लखनऊ।
(9) सम्बन्धित मुख्य अभियंता, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0।
(10) वित्त नियंत्रक, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0,लखनऊ।
(11) अधीक्षण अभियन्ता, कम्प्यूटर केन्द्र कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, सिंचाई विभाग, लखनऊ।
(12) वित्त (व्यय नियत्रंण) अनुभाग-8
(13) सिंचाई अनुभाग-9/गार्ड बुक।

आज्ञा से,
आलोक कुमार द्विवेदी
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत :इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।